: Patron :
Padmabhusan
Dr. Anilpraksh Joshi

प्रिय पर्यावरण मित्रों,

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक व्यक्ति, संस्थाएँ और सामाजिक समूह जल संरक्षण, नदी पुनर्जीवन, वृक्षारोपण, जैव विविधता संरक्षण तथा पर्यावरण जागरूकता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी है, परंतु इन प्रयासों के बीच समन्वय का अभाव भी अनुभव किया जाता है। जैसा कि 29 मार्च की बैठक (VC) में तय हुआ था कि सक्रिय साथियों की एक बैठक 25 और 26 अप्रैल को हेस्को HESCO, Deharadun (U.K.) में मित्र मिलन के रूप में की जाएगी। इस मिलन के दौरान कई गंभीर मुद्दों पर बात होगी, ताकि आने वाले समय में हम अपनी रणनीतियां तय कर पाएं, जिससे नेटवर्क को प्रभावी बनाया जाए तथा दायित्वों का निर्वाह कैसे होगा। इसी कड़ी में अक्टूबर के माह में, मैं व्यक्तिगत रूप से देश की साइकिल यात्रा की तैयारी कर रहा हूँ, जो नेपाल से और उत्तराखंड तक की जाएगी, इस पर चर्चा होगी।

इस बैठक की आवश्यकता दो रूप में बहुत महत्वपूर्ण है। जिस तरह से प्रकृति तथा परिस्थितियाँ बदल रही है, हमारा सामूहिक दायित्व है कि हम राष्ट्रीय स्तर तक इसे ले जाए। दूसरा, इसके लिए राजनीतिक, सामाजिक सभी लोगों का जुड़ाव भी हासिल करे और किस तरह से समयबद्ध तरीके से हम इस उस आंदोलन को प्रभावी बनाये। साथ में नेचर नेटवर्क के मुखपत्र पर भी बातचीत जरूरी है, ताकि देश दुनियां में रोज होनी वाली घटनाओं को एक साथ जोड़ कर लोगों के बीच में बांटे।

साथियों, " **मित्र मिलन** " की ये तारीख 25 और 26 अप्रैल होगी, जैसा कि हमने तय किया था कि आने जाने का खर्चा आपको स्वयं ही उठाना होगा, जबकि HESCO स्थानीय सुविधाओं को जुटाएगा। ये नेटवर्क के भविष्य महत्वपूर्ण होगा कि हम इस बैठक में भागीदारी करें और नेचर नेटवर्क की दिशा भी तय करे। मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप 25 की सुबह यहाँ पर एकत्रित हो और इस बैठक को एक गंभीर रूप देते हुए नेचर नेटवर्क का आने वाला खाका तैयार करे।

सादर सहित

अनिल प्रकाश जोशी
नेचर नेटवर्क के लिए

A GROUP OF INSTITUTIONS ENGAGED IN NATURE CONSERVATION WORK
+91 98352 09219 paaneerepaanee@gmail.com
HESCO Campus, Shuklapur, Dehradun (U.K.) - 248001